https://www.aartichalisa.com/shiv-ji-ki-aartiyan-in-hindi-and-english/

शिव शंकर भगवान् की आरती

आरती करो हरिहर की करो नटवर की ,

भोले शंकर की

आरती करो शंकर की |

ॐ नमः शिवाय | ॐ नमः शिवाय | ॐ नमः शिवाय

सिर पर शशि का मुकुट संवारे,

तारों की पायल झनकारे

धरती अम्बर डोले तांडव

लीला से नटवर की

आरती करो शंकर की |

ॐ नमः शिवाय | ॐ नमः शिवाय | ॐ नमः शिवाय

फन का हार पहनने वाले ,

शम्भू है जग के रखवाले |

सकल चराचर अगजग नाचे,

ऊँगली पर विषधर की |

आरती करो शंकर की ……

ॐ नमः शिवाय | ॐ नमः शिवाय | ॐ नमः शिवाय

महादेव जय जय शिवशंकर,

जय गंगाधर जय डमरूधर |

हे देवो के देव मिटाओ,

विपदा घर घर की |

आरती करो शंकर की……..

ॐ नमः शिवाय | ॐ नमः शिवाय | ॐ नमः शिवाय

आरती करो हरिहर की करो नटवर की ,

भोले शंकर की आरती करो शंकर की |

जय भोलेनाथ

हर हर महादेव ….

ॐ नमः शिवाय | ॐ नमः शिवाय | ॐ नमः शिवाय